## केंद्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग

## वार्षिक पुन:-परीक्षा–2023-24

**कक्षा :आठवीं**
**पूर्णांक : 60**

**विषय :हिंदी**
**अवधि : 2:30 घण्टे**

**.........................................................................................................................................**

निर्देश –

(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं – क , ख , ग एवं घ |
(2) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशःदीजिए

**.........................................................................................................................................**

### [खण्ड-क- अपठित बोध ]

**प्रश्न-1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए- 1x5=5**

भारतीय लोकतंत्र पर विचार करते समय आजादी के बाद की सबसे अहम कुछ घटनाएँ याद आती है। इनमें से पहली है, तेलंगाना किसान आंदोलन का हिंसक दमन जो नेहरूजी के शासन-काल में किया गया। इसके बाद नक्सलबाड़ी से उपजे सशस्त्र किसान विद्रोह के प्रति बड़े पैमाने पर सरकार का अभूतपूर्व अत्याचार फिर 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी का लागू किया जाना। 1984 में भोपाल गैस ट्रेजेडी। 1992 में बाबरी मस्जिद ध्वंस जिसकी चरम परिणति 2002 में गुजरात के सांप्रदायिक कत्लेआम में हुई। बिलकुल आज के दौर की विडंबना सबसे सघन रूप में देखनी हो तो पिछले

https://www.evidyarthi.in/

पंद्रह-बीस वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में भूख, गरीबी और ऋण-ग्रस्तता से मजबूर होकर तकरीबन ढाई लाख किसानों की आत्महत्याओं की हकीकत में इसे देख सकते हैं।

(क) किसान आन्दोलन कहाँ हुआ ?

(1) गुजरात (2) तेलंगाना (3) भोपाल (4) नक्सलबाड़ी

**(ख)** इन्दिरा गाँधी जी द्वारा इमरजेंसी कब लागू की गई ?

(1) 1992 (2) 1984 (3) 1975 (4) 2002

**(ग)** भोपाल गैस त्रासदी कब हुई ?

(1) 1992 (2) 1984 (3) 1975 (4) 2002

**(घ)** बाबरी मस्जिद कब गिराई गई ?

(1) 1992 (2) 1984 (3) 1975 (4) 2002

**(ड.)** गुजरात का कत्लेआम किसका परिणाम था ?

(1) इमरजेंसी का (2) बाबरी मस्जिद ध्वंश का (3) गैस ट्रेजडी का (4) दंगों का

**प्रश्न-2.निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1x5=5**

चोर है, डाकू है, झूठा-मक्कार है
कातिल है, छलिया है, लुच्चा-लबार है
जैसे भी टिकट मिला
जहाँ भी टिकट मिला
शासन के घोड़े पर वो ही सवार है
उसी की जनवरी छब्बीस

उसी का पंद्रह अगस्त है
बाकी सब दुखी हैं, बाकी सब पस्त हैं |

https://www.evidyarthi.in/

(क)कवि यहाँ भारतीय राजनीति का कौन- सा चित्र उजागर करना चाहता है?

(1) झूठी राजनीति का (2) सच्ची राजनीति का (3) घोड़े का (4) टिकट का

(ख) आमजन के दुखी होने का क्या तात्पर्य है?

(1) कर्तव्यनिष्ठा (2) लापरवाह शासन (3) योग्य नेतृत्व (4) सुशासन

(ग) कवि यहाँ किसकी बात कर रहा है?

(1) अधिकारी की (2) भ्रष्ट नेताओं की (3) जनता की (4) स्वतंत्रता दिवस की

(घ) 'पस्त' शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) दुःख (2) हार जाना (3) जीत जाना (4) मस्त होना

(ड.) पद्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है ?

(1) हमारा वर्तमान (2) हमारे भ्रष्ट नेता (3) शासन व्यवस्था (4) छब्बीस जनवरी

**[खण्ड-ख- व्याकरण]**

**प्रश्न-3.दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए – (1x12) = 12**

**(क)** निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है |

(1) संकीर्ण (2) सन्कीर्ण (3) संकिर्ण (4) संकीर्न

**(ख)** घोड़ा का सही पर्यायवाची शब्द चुनें |

**(1)** नग (2) सचान (3) अश्व (4) ब्याल

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से गुणवाचक विशेषण चुनिए -

https://www.evidyarthi.in/

(1) लाल फूल (2) दो किलो अनाज (3) तीन कलम
(4) थोड़ा पानी

(घ) निम्नलिखित शब्दों में से द्वंद्व समास के उदाहरण चुनिए –

(1) नीलकमल (2) त्रिवेणी (3) देश-विदेश (4) यथाशक्ति

(ड.) 'आँख से ओझल हो जाना' मुहावरे का अर्थ है –

(1) दौड़ना (2) गायब हो जाना (3) पास आना (4) आँखों का बंद होना

(च) निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा है –

(1) नदी (2) लखनऊ (3) मित्रता (4) आसमान

(छ) प्राचीन का विलोम शब्द है –

(1) नया (2) उन्नत (3) अर्वाचीन (4) पुनीत

(ज) "नैनन के जल सों पग धोए" इस पंक्ति में कौन- सा अलंकार है ?

(1) उपमा (2) रूपक (3) अतिशयोक्ति (4) श्लेष

(झ) 'अत्यधिक' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है –

(1) अत्य (2) अति (3) अ (4) धिक

(ञ) 'पढ़ाई' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –

(1) पढ़ (2) आई (3) प (4) ई

(ट) संधि में किसको आपस में जोड़ा जाता है –

(1) शब्दों को (2) अक्षरों को (3) वाक्यों को (4) उपवाक्यों को

(ठ) कारक कितने प्रकार के होते है ?

(1) पाँच (2) छह (3) सात (4) आठ

**[खण्ड-ग- पाठ्यपुस्तक-वसंत ]**

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न-04. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए - 1x5=5**

अपनी गुफा में बैठा हुआ साँप सब कुछ देखा करता – लहरों का गर्जन, आकाश में छिपी हुई पहाड़ियों, टेढ़ी मेढ़ी बलखाती हुई नदी की गुस्से से भरी आवाजें | वह मन ही मन खुश होता था कि इस गर्जन-तर्जन के होते हुए भी वह सुखी और सुरक्षित है | कोई उसे दुःख नहीं दे सकता | सबसे अलग, सबसे दूर वह अपनी गुफा का स्वामी है | न किसी से लेना, न किसी से देना | दुनिया की भाग-दौड़ छिना-झपटी से वह दूर है | साँप के लिए यह सबसे बड़ा सुख था |

(क) साँप कहाँ रहता था ?

(1) समुद्र में (2) नदी में (3) गुफा में (4) मैदान में

(ख) नदी की आवाज कैसी थी ?

( 1) खुशी से भरी (2) गुस्से से भरी (3) मीठी (4) शांत

(ग) साँप बैठे- बैठे क्या देखता रहता था ?

(1) सब कुछ ( 2) कुछ भी नहीं (3) आसमान को (4) तारों को

(घ) साँप खुश क्यों था ?

(1) सुरक्षित रहने के कारण (2) पानी के कारण (3) गर्व के कारण (4) आसमान के कारण

(ङ) साँप के लिए सबसे बड़ा सुख क्या था ?

(1)शांति (2) भाग-दौड़ (3) मित्रता (4) आवाज़ें

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न-05. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए - 1x5=5**

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई , यह अजहूँ है छोटी।

तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै हैं लांबी – मोटी।

काढ़त-गुहत नह्वावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।

काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी |

सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि हलधर की जोटी |

(क) इस पद में कौन, किससे पूछ रहा है ?

(1) यशोदा श्रीकृष्ण से (2) श्रीकृष्ण यशोदा से (3) कृष्ण बलराम से (4) बलराम श्रीकृष्ण से

(ख) माता यशोदा ने कृष्ण को क्या बताया था ?

(1) दूध पीने से चोटी बढ़ेगी (2) नहाना चाहिए (3) खेलना चाहिए (4) मक्खन खाना चाहिए

(ग) माता यशोदा कृष्ण को क्या देती थी?

(1) फल (2) सब्ज़ी (3) दूध (4) खिलौना

(घ) किसकी जोड़ी को दीर्घायु होने की कामना की गई है?

(1) श्रीकृष्ण-बलराम (2) यशोदा-नंद (3) अर्जुन-भीम (4) कर्ण-नकुल

(ड.) कविता किसके द्वारा लिखी गयी है ?

(1) तुलसीदास (2) सूरदास (3) कबीरदास (4) रविदास

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न-06. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर दीजिए–**
**2x2=04**

(क) साइकिल आन्दोलन से पुड्डूकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन- से बदलाव आए हैं ?

(ख)बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

(ग) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?

**प्रश्न-07. दिए गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
**2x2=04**

**(क)** कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?

(ख) श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे ?

(ग) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? अपने शब्दों में लिखिए |

**प्रश्न-08. दिए गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
**2 x 3=06**

(क)किस भारतीय राजा को भारत का नेपोलियन कहा जाता है ?

(ख) शिक्षा के प्रचार को नापसंद करने वाले अंग्रेजों को भारत में शिक्षा का प्रचार क्यों करना पड़ा ?

(ग) शिवाजी कौन थे ? उनका नाम भारतीय इतिहास में क्यों प्रसिद्ध है ?

(घ) सोमनाथ के प्रसिद्ध मंदिर पर किसने आक्रमण किया था ?

**[खण्ड-घ- रचना और अभिव्यक्ति]**

**प्रश्न-09. निर्देशानुसार पत्र लेखन करिए -**
**(05)**

अपने मोहल्ले में अनावश्यक गतिविधियों को देखते हुए नजदीकी पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

समय का महत्व समझाते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए |

https://www.evidyarthi.in/

**प्रश्न-10. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में एक निबंध लिखिए - (05)**

(क) भारत का चंद्रयान मिशन (ख) मेरा देश मेरी शान
(ग) विज्ञान का सदुपयोग

**प्रश्न-11.** दो मित्र जोकि कई वर्षों के पश्चात् मिल रहे हैं, उनके बीच होने वाली वार्ता पर आधारित संवाद लिखिए (04)

**अथवा**

"समाचार पत्रों के लाभ" विषय पर चर्चा करते हुए पिता और पुत्र के मध्य हुई बातचीत पर संवाद लिखिए |

*********समाप्त***********

https://www.evidyarthi.in/